राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 15 दिसम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जख्मी ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के निधन पर गहरा दुःख एवं उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह एक बहादुर योद्धा थे। उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। देश उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा।

राज्यपाल ने उनकी आत्मा की चिरशांति एवं उनके परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

उल्लेखनीय है कि 08 दिसम्बर, 2021 को तमिलनाडु में कुन्नूर के पास सेना का हेलिकॉप्टर Mi-17V5 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सीडीएस जनरल बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी सहित 13 लोगों की मृत्यु हो गई थी तथा ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह जख्मी हो गए थे और उनका ईलाज बेंगलुरू के एक अस्पताल में चल रहा था।

....